तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026

11 पढ़ाते समय कोई भी शिक्षक कक्षा में मोबाइल ...



12 सुशासन तिहार पर बगबुड़ा में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़





## खबर संक्षेप

### पौंसरी में विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण 10 को

**सिमगा**। समीपस्थ ग्राम पौंसरी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन 10 जून शाम 05 बजे किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष केजू राम बघेल, किसान नेता अनिल पांडेय, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणी तिवारी, धीरज जैन, सूर्यकांत ताम्रकार, अभिजीत अवस्थी, जिला पंचायत सभापति शशि आनंद बंजारे, चंद्र कुमार साहू, सोसायटी अध्यक्ष परस राम साहू, छोटू यदू, योगेश राहुल साहू, परस पाटकर, श्रीराम साहू प्रमुख रूप से शामिल होंगे। उक्त जानकारी सरपंच चंद्रमणी साहू ने दी है।

### सुशासन तिहार शिविर में मनीषा को मिला आयुष्मान कार्ड




सिमगा। विकासखंड सिमगा के ग्राम दावनबोड़ में आयोजित सुशासन तिहार में ग्राम दावनबोड की रहने वाली 26 वर्षीय मनीषा वर्मा, पति हितेश वर्मा अपने परिवार के साथ खेती-बाड़ी के साथ ही सिलाई का कार्य भी करती है। मनीषा को लंबे समय से अपने आयुष्मान कार्ड की आवश्यकता थी, जिसके लिए उन्होंने शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन जमा किया। शिविर में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए मनीषा के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही उसका आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें सौंप दिया। बिना किसी दफ्तर के चक्कर काटे हाथ में आयुष्मान कार्ड पाकर मनीषा वर्मा के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इसके लिए उन्होंने सरकार के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है।

### किसानी से पहले किसानों को मिलने लगी खाद



**बलौदाबाजार**। राज्य शासन द्वारा किसानों के हित में समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयासों से ग्रामीण अंचलों के कृषकों में भारी हर्ष का माहौल है। इसी कड़ी में जिले के ग्राम परसाभदेर निवासी किसान लक्ष्मण निषाद ने खरीफ सीजन के लिए समय से पहले ही पर्याप्त मात्रा में खाद मिलने पर शासन के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता और आभार व्यक्त किया है। अपने ढाई एकड़ के खेत में पूरी लगन से खेती का कार्य करने वाले लक्ष्मण निषाद के लिए इस बार की कृषि व्यवस्था एक बड़ी राहत लेकर आई है।लक्ष्मण निषाद ने अपनी खुशी साझा करते हुए बताया कि शासन की सजगता और सुदृढ़ सहकारी व्यवस्था के चलते उन्हें सीजन की शुरुआत में ही आवश्यकता के अनुसार खाद मिल गई है। समय से पहले खाद की यह सुरक्षित उपलब्धता होने से अब उन्हें पूरी फसल अवधि के दौरान खाद की कमी या किसी भी प्रकार की चिंता नहीं सताएगी। उन्होंने कहा कि शासन का यह किसान हितैषी कदम न केवल उनके जैसे छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों की चिंता दूर करने वाला है, बल्कि इससे फसल की पैदावार भी बेहतर होगी जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# जिले की मितानिनों के लिए 18.39 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मितानिनों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित मितानिन कल्याण कोष के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की मितानिनों को कुल 18 लाख 39 हजार 263 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। जिले की कार्यरत 2420 मितानिनों के लिए यह योजना कठिन परिस्थितियों में आर्थिक संबल प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

मितानिन कार्यक्रम का संचालन स्टेट हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर द्वारा किया जा रहा है तथा तकनीकी सहयोग सोसायटी फ़ॉर एक्शन इन कम्युनिटी हेल्थ द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

## शिक्षा, मातृत्व, चिकित्सा और कन्या विवाह सहित विभिन्न योजनाओं का मिला लाभ



### उच्च शिक्षा से लेकर कन्या विवाह तक मितानिन परिवारों को मिला लाभ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि प्रदेश में 6 करोड़ की राशि जबकि जिले में इस वर्ष कुल 57 मितानिन परिवारों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता राशि वितरित की गई। इसमें 25 मितानिनों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए 6.95 लाख रुपये, 11 मितानिनों को स्वयं की शिक्षा हेतु 1.05 लाख रुपये, 5 हितग्राहियों को पति की मृत्यु पर 4.75 लाख रुपये तथा 9 परिवारों को कन्या विवाह सहायता के रूप में 4.50 लाख रुपये प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 80 रुपये हजार मितानिनों की मृत्यु पर परिवार को ,25 हजार मातृत्व सहायता और 9 हजार रुपये की चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।

मितानिन कल्याण कोष के माध्यम से मातृत्व सहायता, पति की मृत्यु पर सहायता, बच्चों की उच्च शिक्षा, स्वयं की शिक्षा, चिकित्सा सहायता, कन्या विवाह तथा मितानिन की मृत्यु होने पर परिवार को आर्थिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण लाभ दिए जाते हैं।

राज्य सरकार द्वारा मितानिनों के कल्याण के लिए संचालित यह योजना शासन की उनके प्रति संवेदनशील सोच और सम्मान को दर्शाती है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रथम कड़ी के रूप में कार्य करने वाली मितानिनों को इस प्रकार की सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल है।जिले की मितानिनों ने भी छत्तीसगढ़ शासन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, यह सहायता ▶▶ शेष पेज 11 पर

## हादसा : तीन माह में चौथी बड़ी दुर्घटना पर प्रशासन मौन

# रवान सीमेंट में फिर हुआ हादसा श्रमिक की मौत, सुरक्षा मानकों की उपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम रवान स्थित सीमेंट संयंत्र में सोमवार को हुए एक और हादसे ने औद्योगिक सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संयंत्र में कार्यरत 22 वर्षीय ठेका श्रमिक हेमप्रकाश खुंटे की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, वहीं लगातार सामने आ रही घटनाओं ने संयंत्र की कार्यप्रणाली और सुरक्षा मानकों को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हेमप्रकाश खुंटे सोमवार सुबह रोज की तरह ड्यूटी पर गया था। बताया जा रहा है कि वह संयंत्र की सातवीं अथवा नौवीं मंजिल से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस घटना के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है।

मृतक के परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि दुर्घटना की सूचना उन्हें समय पर नहीं दी गई। जब वे संयंत्र पहुंचे तो उन्हें अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया। परिजनों का आरोप है कि मजदूर की मौत के बाद शव को जल्दबाजी में रायपुर भेज दिया गया, जिससे कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। लगातार ▶▶ शेष पेज 11 पर






### बढ़ते घटनाक्रम से सुर्खियों में आया संयंत्र

लगातार सामने आ रही दुर्घटनाओं और विवादों ने रवान स्थित सीमेंट संयंत्र को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। अब देखना होगा कि जांच के बाद इन घटनाओं की जिम्मेदारी किस पर तय होती है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

### कांग्रेस ने की एफआईआर और मुआवजे की मांग

घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। कांग्रेस ने मृतक के परिवार को 60 लाख मुआवजा, एक सदस्य को स्थायी नौकरी तथा मासिक पेंशन देने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। दिशा में गंभीर समीक्षा की मांग कर रही हैं।

### जांच हो रही

पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, तकनीकी साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-अभिषेक सिंह
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

### लगातार हो रही घटनाओं से बढ़ी चिंता

रवान स्थित इस सीमेंट संयंत्र में पिछले तीन माह के दौरान कई गंभीर घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

- सबसे पहले 22 मार्च को संयंत्र के एक सुरक्षा गार्ड द्वारा एक नाबालिग बालक के साथ कथित रूप से बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी सुरक्षा गार्ड श्रीराम पाण्डेय को गिरफ्तार किया था। इस घटना ने संयंत्र की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा कर्मियों के व्यवहार पर प्रश्नचिह्न खड़े किए थे।
- इसके बाद 3 मई को संयंत्र से जुड़ी खदान में ब्लास्टिंग के दौरान उड़कर आए पत्थर से एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया था। पत्थर लगने से उसका जबड़ा टूट गया था। मामले में पुलिस ने संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी।
- फिर 6 मई को संयंत्र के वर्कशॉप में कार्यरत 21 वर्षीय कर्मचारी हिमांशु साहू रेडिएटर में पानी डालते समय अचानक निकली गर्म भाप की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया था। उसे अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराना पड़ा था।
- अब 8 जून को श्रमिक हेमप्रकाश खुंटे की मौत ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताओं को और गहरा कर दिया है।


## उचित मुआवजा नहीं मिलने पर ग्रामीण करेंगे चक्काजाम

# ट्रक की ठोकर से बाइक चालक की मौत मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरभावना में उस वक्त मातम पसर गया, जब भिनोदा के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक भूषण कुर्रे की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार और पूरे गांव में शोक की लहर है। भूषण अपने परिवार का एकमात्र सहारा था, जिसके चले जाने से परिजनों के सामने भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।मृतक भूषण कुर्रे शादीशुदा था और उसके छोटे बच्चे हैं। पिता का साया हमेशा के लिए उठ जाने से बच्चों और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। भूषण के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। चार भाइयों में भूषण सबसे छोटा था और सभी भाई सामाजिक रूप ▶▶ शेष पेज 11 पर






### उग्र आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द उचित मुआवजा और सहायता राशि नहीं दी गई, तो वे उग्र आंदोलन करते हुए चक्काजाम करने को बाध्य होंगे।

### पीड़ित परिवार के समर्थन में उतरा पूरा गांव

इस कठिन घड़ी में मृतक के भाइयों—पुष्पेंद्र कुर्रे, कन्हैया कुर्रे, और प्रकाश कुर्रे के साथ पूरा गांव खड़ा है। मुआवजे की मांग को लेकर ग्राम पिपरभावना के वर्तमान सरपंच पन्ना लाल बंजारे, पूर्व सरपंच लक्ष्मण कुर्रे सहित प्रमुख ग्रामवासी लहाराम, कुमार, मोती राम, लकेश्वर कुर्रे, छुनु कुर्रे, गणेश राम, कमलेश खटकर, खगेन्द्र खटकर और अनिल खटकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित कार्यवाही की मांग की है।



## खिलाड़ियों ने खेल मैदान के लिए मांगे दो हाई मास्ट लाइट

**कसडोल** । शासकीय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मैदान, कसडोल में खिलाड़ियों एवं आम नागरिकों की सुविधा हेतु दो हाई मास्ट लाइट स्थापित किए जाने की मांग को लेकर जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष भावेश यादव ने क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू जी को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने अपने मांग पत्र में बताया कि उक्त मैदान कसडोल क्षेत्र का प्रमुख खेल मैदान है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में खिलाड़ी फुटबॉल, वॉलीबॉल, सॉफ्टबॉल, खो-खो सहित विभिन्न खेलों का अभ्यास करते हैं। साथ ही अनेक नागरिक ▶▶ शेष पेज 11 पर

## फिर उठी भाटापारा को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग को लेकर वर्षों से संघर्षरत जिला निर्माण संघर्ष समिति के एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल ने विधायक इंद्र साव की अगुवाई में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपते हुए भाटापारा को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग रखी। विधानसभा अध्यक्ष ने इस विषय को पूरी गंभीरता से लेते हुए आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए सार्थक चर्चा कराने का आश्वासन दिया। स्वतंत्र जिला निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों ने डॉ. रमन सिंह को पूर्व में गठित दुबे आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि एक लंबे समय से क्षेत्र के लोग संघर्ष करते करते थक से गए है,उनकी जायज मांग आज भी अधूरी है। स्वतंत जिला निर्माण ना होने से सभी वर्ग के लोग हताश और निराश हो गए है,उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि उनका हक और अधिकार को अब तक क्यों वंचित कर रखा गया है। डॉ रमन सिंह ने संघर्ष समिति को आश्वत किया कि मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पुनर्वास राशि के लिए किसानों ने कलेक्टर से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम खपराडीह के प्रभावित किसानों ने श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा अधिग्रहित भूमि के बदले पुनर्वास नीति के तहत देय राशि का भुगतान नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की है। किसानों का कहना है कि औद्योगिक प्रयोजन के लिए लगभग 104 एकड़ कृषि भूमि का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन आज तक उन्हें छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के अनुरूप पूरी राशि प्राप्त नहीं हुई है।

ज्ञापन में किसानों ने छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) 19 मार्च 2010 के माध्यम से प्रकाशित एवं संशोधित आदर्श पुनर्वास नीति-07 का हवाला देते हुए कहा है कि औद्योगिक परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि के प्रभावित परिवारों को पुनर्वास सहायता प्रदान करने का स्पष्ट प्रावधान किया गया है। नीति के अनुसार असिंचित एक फसली भूमि के लिए 8 लाख रुपये प्रति एकड़ तथा सिंचित दो फसली भूमि के लिए 10 लाख प्रति एकड़ तक पुनर्वास सहायता राशि निर्धारित की गई थी।

■ 15 वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा

ज्ञापन पर सतन कुमार बघमार, देवलाल बघमार, रमेश बघमार, खिलेश बघमार, प्रदीप बघमार, कुसुम बघमार, रामसिंह बघमार, पुनीत राम वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, संजय बघमार, ईश्वर वर्मा, उधोराम बघमार, नरेश वर्मा, सविता वर्मा, निशा वर्मा, ललित वर्मा, जीवन वर्मा, लोकेन्द्र बघमार, नीलम बघमार, सूर्य गजेन्द्र बघेल, दुलेश्वरी वर्मा, सुरेश बघेल, सुनील वर्मा, रवि बंछोर, जितेंद्र वर्मा, आजूराम बंजारे, रूपेन्द्र बघमार सहित अनेक प्रभावित किसानों के हस्ताक्षर हैं। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### मुआवजे में अनियमितता का मुद्दा

किसानों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि वर्ष 2010 में श्री सीमेंट लिमिटेड, खपराडीह इकाई द्वारा किसानों की कृषि भूमि का क्रय किया गया था। भूमि क्रय के दौरान कंपनी एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्र के किसानों को बेहतर मुआवजा एवं पुनर्वास लाभ दिए जाने का आश्वासन दिया गया था। किसानों का आरोप है कि उस समय उन्हें मात्र 8 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से राशि प्रदान की गई, जबकि कंपनी द्वारा 15 लाख रुपये प्रति एकड़ तक भूमि क्रय की घोषणा भी की गई थी।

## जिले के सभी विकासखण्डों की 5-5 पंचायतों में प्रति दिवस कृषक संगोष्ठी जारी

# जिले में खेत बचाओ अभियान शिविर का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




रासायनिक उर्वरकों के सिमित व संतुलित उपयोग और प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों व आम नागरिकों में जागरूकता और जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 1 से 30 जून तक देश व्यापी खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों के 5-5 ग्राम पंचायतों में प्रति दिवस कृषक संगोष्ठी, कृषि चौपाल, जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषि एवं संवर्गीय विभागों द्वारा किया जा रहा है।

खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी लाने हेतु जीवन शैली एवं खान-पान संबंधी व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जावेगा। मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्वों को बढ़ावा तथा फसल की आवश्यकतानुसार उर्वरक उपयोग हेतु कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से सलाह दिया गया।हरी खाद, नील हरित काई के उपयोग को बढ़ावा, यूरिया, डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में एन.पी.के., एस.एस.पी., जैव उर्वरक, नैनो उर्वरक जैविक खाद तथा सुक्ष्म पोषक तत्वों का उपयोग अनुशंसा अनुरूप करने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ।

खेत बचाओ अभियान अन्तर्गत जिले में आज विकासखण्ड पलारी के ग्राम पंचायत ओड़ान, ससहा, कुसमी, बलौदी विकासखण्ड भाटापारा में बोड़तरा, गाड़ाडीह, सिंगारपुर, गोढी एस, कोदवा विकासखण्ड बलौदाबाजार में बाजाराभाठा, खटियापाटी, डोंगरीडीह, खँदा ख, लवनबन, एवं विकासखण्ड कसडोल में चरौदा क, मोहतरा क, पिसीद, सार्वा, मानाकोनी आदि ग्रामों में आयोजित किया गया है।

### अब तक 122 पंचायतों के 4835 किसान लाभान्वित

जिले में कुल 432 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आज दिनांक तक कुल 122 ग्राम पंचायतों में आयोजन किया गया है, इसमें लगभग 4835 कृषक को लाभान्वित किया गया है। किसानों तथा नागरिकों के मध्य रसायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग से मृदा स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा प्राकृतिक खेती के महत्व विषय पर वैज्ञानिक परिचर्चा, वैज्ञानिक पद्धति से खेती तथा काश्त लागत में कमी संबंधी विषय पर भी चर्चा की जा रही है। कृषकों तथा नागरिकों को प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के साथ पंचायत स्तर पर किसानों एवं जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर कम से कम 25 प्रतिशत कृषि भूमि पर प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# नाका चेक में धरे गए बेटिकट यात्री, लोकल ट्रेनों के मामले ज्यादा, 51 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनों में बिना टिकट सफर करने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या पर लगाम कसने और लोगों को जागरूक करने के लिए रेलवे प्रशासन ने 15 दिवसीय विशेष नाका चेक अभियान चलाया। इस अभियान के तहत रायपुर, बिलासपुर और नागपुर मंडलों में सघन चेकिंग की गई, जिसमें रेलवे ने बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वालों से 51 लाख रुपए से अधिक जुर्माना वसूला है।

कार्रवाई के मामले में बिलासपुर मंडल सबसे आगे रहा, जिसके बाद रायपुर मंडल ने विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में जांच कर भारी जुर्माना वसूला। रेलवे के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस 15 दिवसीय महाभियान में बिना टिकट यात्रा के 5265 मामले और अनियमित यात्रा के 2558 मामले पकड़े गए। कुल 7823 मामलों में संबंधित यात्रियों से किराया और जुर्माने के रूप में लगभग 51 लाख रुपए वसूले गए हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक विजय कुमार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को वैध टिकट के साथ यात्रा करने के प्रति जागरूक करना और बिना टिकट यात्रा की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि रेलवे का किराया अत्यंत किफायती है, इसलिए यात्रियों को सदैव उचित और वैध यात्रा प्राधिकार टिकट के साथ ही सफर करना चाहिए।

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 'नाका चेक' महाभियान, 7823 मामलों में हुई कार्रवाई
- जुर्माना वसूलने में बिलासपुर अव्वल, रायपुर दूसरे नंबर पर


फाइल फोटो

### अब छोटे स्टेशनों पर भी तैनात होंगे टीटीई

*रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि टिकट जांच का यह अभियान आगे भी अनवरत जारी रहेगा। यात्रियों को जागरूक करने के साथ-साथ इस तरह के हर पखवाड़े की जांच से मंडल के राजस्व में 5 से 10 लाख रुपए की वृद्धि हो रही है। अब रेलवे ने बड़े स्टेशनों के साथ-साथ छोटे स्टेशनों पर भी टीटीई की तैनाती कर दी है, ताकि टिकट जांच का कार्य और तेज किया जा सके। रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले कुम्हारी, सरोना, हथबंद, तिल्दा के साथ-साथ अभनपुर और राजिम जैसे स्टेशनों पर सक्रिय रूप से चेकिंग की जा रही है। रेलवे अब विशेष रूप से उन सभी छोटे स्टेशनों को जांच के दायरे में शामिल कर रहा है, जहां रोजाना 500 से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है।*

### छोटे स्टेशनों और लोकल ट्रेनों में धड़ल्ले से हो रहा था सफर

इस विशेष जांच अभियान में एक अहम बात यह सामने आई कि बिना टिकट यात्रा करने वालों की सबसे अधिक संख्या छोटे स्टेशनों पर है। कम दूरी का सफर करने वाले यात्री अक्सर लोकल ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। एक्सप्रेस ट्रेनों में भी अनियमित यात्रा के 600 से अधिक मामले सामने आए। जांच के दौरान लोकल ट्रेनों पर विशेष फोकस किया गया, जहां रायपुर मंडल ने ऐसे यात्रियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए जुर्माना वसूला है।

## खबर संक्षेप

### दिनेश कश्यप बीजापुर विधानसभा के प्रभारी



**रायपुर।** भाजपा प्रदेश संगठन ने पूर्व सांसद दिनेश कश्यप को बीजापुर विधानसभा का प्रभारी नियुक्ति किया है। इसी के साथ श्रीनिवास राव मद्दी को बस्तर का प्रभारी और श्रीनिवास मिश्रा को सहप्रभारी बनाया है। रूपसिंह मडावी को कोटा विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा उर्मिला तोकल को बीजापुर का जिलाध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। माया झाड़ी को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

### सर्व गुजराती समाज के प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय सदस्य ने किया पौधारोपण



**रायपुर।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी एवं राष्ट्रीय सदस्य अखिल भारत गुजराती समाज ने गुजराती कॉलोनी में धार्मिक आस्था एवं पूजा विधान को संपन्न करने वाले वृक्ष बेल, कनेर, नीम आदि पेड़ों का रोपण किया। साथ ही उन्होंने समाज तथा सार्वजनिक जीवन से जुड़े हुए सक्रिय लोगों के लिए आग्रहपूर्वक अपील करते हुए कहा कि इसे जनअभियान बनाएं, जिससे हमें पुण्य भी मिलेगा और हमारा आने वाला कल भी सुरक्षित होकर संवर्धित होगा। प्रकृति हमसे यही अपेक्षा कर रही है, क्योंकि मां धरती का श्रृंगारिक आभूषण हैं वृक्ष, हरियाली की चादर से समाज में सुख, शांति व समृद्धि का संचार होता है, जिसके लिए हम सभी का योगदान हमारे नैतिक दायित्व के साथ पुनीत धर्म भी है। पौधारोपण के इस अवसर पर प्रीतेश गांधी के साथ सहयोग करने के लिए नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, गुजराती समाज के वरिष्ठ, जलाराम ज्ञानयज्ञ समिति अध्यक्ष बिपिन पटेल, गुजराती समाज धमतरी के पूर्व अध्यक्ष लखमशी भानुशाली, हरि कटारिया, महेंद्र राजपुरिया, प्रकाश गांधी, पूर्व अध्यक्ष गुजराती समाज धमतरी, भूपेश शाह, योगेश गांधी, कांति माणेक, कीर्ति गांधी, नादू त्रिवेदी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### पिछड़ा वर्ग संगठन ने किया योगाचार्य का सम्मान



**रायपुर।** रावणभाठा दशहरा मैदान में क्रमबद्ध वृक्ष लगाने वाले योगाचार्य झूमुख लाल यादव पर्यावरणविद का छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने सम्मान किया। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि बढ़ती हुई आबादी और भीषण गर्मी से पौधारोपण करने से ही निजात मिल सकती है। राजधानी कंक्रीट का जंगल बन रही है, जिसको हमें बचाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जितने भी पर्यावरणविद या अन्य क्षेत्रों में देशहित, राज्यहित, शहरहित में काम करने वाले संबंधित महानुभाव है, उन्हें हम लोगों को प्रोत्साहित करना है और सम्मान करना है। यथाशक्ति आर्थिक सहयोग भी प्रदान करें।

### खाद्य, राजस्व और सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम कर रही सत्यापन

# धान का भौतिक सत्यापन, शार्टेज पर समिति प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर

**जिला सहकारी बैंकों को दी जा रही रिपोर्ट, जिला प्रशासन कर रहा कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पूरी होने के बाद उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव हो चुका है। अब संयुक्त दल के माध्यम से उपार्जन केंद्रों में धान शार्टेज और कमी पाए जाने पर समिति प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। रायपुर जिले की पांच उपार्जन केंद्रों की रिपोर्ट आने के बाद मामला सीधे थानों का सौंपा जा रहा है।

बताया गया है कि खाद्य, राजस्व एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उपार्जन केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के दौरान पाई जाने वाली कमियों के संबंध में प्रतिवेदन तैयार कर जिला प्रशासन का सौंपा जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में यह ध्यान रखा जा रहा है कि कितनी खरीदी हुई, खरीदी की गई मात्रा में कितना उठाव किया गया, उसके बाद समितियों में स्टॉक की स्थिति क्या रही। जारी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### सरफोंगा में 510 क्विंटल धान, 4640 नग बारदाना कम

तिल्दा के सरफोंगा उपार्जन केंद्र में 510 क्विंटल धान का कम होना पाया गया। साथ ही यहां पर 1844 नग नया और 2796 मिलर्स द्वारा प्रदाय किए गए बारदाने में से कुल 4640 नग बारदाना गायब पाया गया। सरफोंगा के समिति प्रबंधक एवं फड़ प्रभारी युगल किशोर वर्मा, लिपिक तोरनलाल वर्मा एवं बारदाना प्रभारी मोहित कुमार वर्मा के खिलाफ धान उपार्जन नीति के प्रावधानों का उल्लंघन किए जाने की रिपोर्ट आई है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


फाइल फोटो

### देवरी में साढ़े पांच हजार नग बारदाना गबन

खाद्य नियंत्रक ने शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित तिल्दा के अंतर्गत आने वाले देवरी उपार्जन केंद्र का भौतिक सत्यापन किए जाने पर 560 क्विंटल धान का कम होना और 5660 नग बारदाना का गबन होना पाया। यहां के प्रभारी समिति प्रबंधक राजूलाल सोनवानी और बारदाना प्रभारी सतीश कुमार वर्मा के खिलाफ कार्रवाई कर प्रतिवेदन दिया गया है। वहीं छड़िया उपार्जन केंद्र मे भी धान की कमी पाए जाने पर मामले में एफआईआर कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### दो प्रबंधकों पर एफआईआर

*उपार्जन केंद्र रींवा के भौतिक सत्यापन में 856 क्विंटल धान की कमी पाई गई। धान में कमी पाए जाने पर समिति प्रबंधक जगदीश साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने थाना प्रभारी मंदिर हसौद को जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक ने पत्र जारी किया है। वहीं उपार्जन केंद्र फरफौद के भौतिक सत्यापन में 734 क्विंटल धान की कमी होने पर संस्था के प्रभारी समिति प्रबंधक संतोष कुमार टंडन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने थाना प्रभारी आरंग को पत्र जारी किया गया है।*

# पढ़ाते समय कोई भी शिक्षक कक्षा में मोबाइल का उपयोग नहीं करेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारी, सभी प्राचार्यो की उपस्थिति में स्कूल शिक्षा विभाग का समीक्षा किया। उन्होंने मध्यान्ह भोजन में दाल भात सब्जी आदि क़ो स्वादिष्ट, सफाई और सुरक्षा के साथ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल प्रारम्भ के पूर्व मरम्मत, पोताई, आदि कार्य क़ो पूर्ण करने के निर्देश दिए। मरम्मत योग्य शौचालय क़ो सरपंच या सीईओ पंचायत के माध्यम से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि, जिले में कोई भी स्कूल शौचालय विहीन नहीं होना चाहिए।

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने बैठक में सभी प्राचार्यो से कहा कि विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी दसवीं बारहवीं बोर्ड में अच्छा परिणाम के लिए सभी आगे भी अच्छा मेहनत करें। उन्होंने अनुशासन का पालन क़ो जोर देते हुए कहा कि, पढ़ाते समय कोई भी शिक्षक कक्षा में मोबाइल का उपयोग नहीं करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि, पेंशन, सर्विस बुक अपडेट करने, अवकाश स्वीकृत, ईकेवायसी, जैसे विभागीय कार्यों में किसी प्रकार की भ्रष्टाचार की गतिविधि किसी अधिकारी कर्मचारी के द्वारा किया जाएगा, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही होगी। उन्होंने 10 से कम बच्चों वाले स्कूलों के गांव में घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा और पालक से बच्चों क़ो सरकारी स्कूल में बच्चों क़ो नहीं भेजने के कारण की जानकारी लेकर मांग, शिकायत आदि का निराकरण करते हुए प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने गणवेश वितरण करने, स्कूलों में निरंतर खेल गतिविधि करने, जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कैंसरमुक्त करने के लिए पालकों के सहमति पर बालिकाओं क़ो एचपी वैक्सीन देने के निर्देश दिए।

# स्थानीय मुद्दों को उठाएगी पार्टी चलेगा संगठन विस्तार अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- प्रदेश कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने रायपुर पहुंचे सांसद संजय सिंह

आम आदमी पार्टी ने विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया। शहीद स्मारक भवन में आयोजित इस सम्मेलन में राज्यसभा सांसद संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार नहीं बल्कि गड़बड़ इंजन की सरकार है। भाजपा सरकार ने छग की खनिज सम्पदा को लूट लिया है। नरेंद्र मोदी की नीतियों ने देश को बर्बाद कर दिया है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। पेपर लीक कर देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। मोदी की गलत विदेश नीति के कारण पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम बढ़े हैं। प्रदेश का किसान आत्महत्या करने मजबूर हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था खराब है। हरे-भरे जंगल को अडाणी को सौंपे जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ को आयरन और कोयला निकालकर खोखला कर दिया है। दिल्ली में केजरीवाल ने वर्ल्ड क्लास स्कूल बनाए। मोहल्ला क्लिनिक खोलकर गरीबों का इलाज करवाया। राजनीति में पढ़े-लिखे और जनहित सोच वाले लोगों को चुनना चाहिए। पार्टी अब प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करेगी और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।

### संसद में उठाएंगे डीएलएड अभ्यर्थियों की मांग



संजय सिंह ने कहा, पूरे देश में आम आदमी पार्टी का संगठन विस्तार अभियान चल रहा है। कुछ राज्यों की जिम्मेदारी स्वयं अरविंद केजरीवाल देख रहे हैं। अन्य राज्यों में अलग-अलग नेताओं को संगठन मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। रविवार दोपहर संजय सिंह माना धरना स्थल पर डीएलएड अभ्यर्थियों के बीच उनको समर्थन देने धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने आगामी संसद सत्र में उनके विषय को संसद में उठाने का आश्वासन देते हुए कहा, आप सभी लंबे समय से आंदोलन कर रहे है। गर्मी, सर्दी, बारिश में घर छोड़कर कठिन परिस्थितियों में यहां बैठे हुए हैं। कई लोग इस दौरान बीमार भी हो चुके हैं। राज्य सरकार को मांगें माननी चाहिए। इस दौरान प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत, सौरभ झा, समर कुमार, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल, अभिषेक मिश्रा, देवलाल नरेटी, वदूद आलम, सूरज उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**राज्यपाल को अकबर का पत्र**

# केंद्र से राशि आने तक अन्य मद से पेंशन दिलाने करें पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- 22.70 लाख पेंशनधारियों को पांच माह से नहीं मिली पेंशन, पूर्व मंत्री अकबर ने लिखा राज्यपाल को पत्र

छत्तीसगढ़ में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि नहीं मिलने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने राज्यपाल रमन डेका को पत्र लिखकर वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को बकाया राशि दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा, राज्यपाल से अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए केंद्र से राशि मिलने तक अन्य मद से भुगतान कराने की मांग रखी है।

उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि प्रदेश के करीब 22.70 लाख पेंशनधारियों को पिछले 5 महीने से पेंशन नहीं मिली है। गरीब, बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग हितग्राहियों को इस कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई के दौर में इन लोगों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। कई परिवारों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा, प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार के दौरान सबसे अधिक संख्या पेंशन नहीं मिलने से परेशान हितग्राहियों की है। इसके बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### पहले भी हो चुकी है ऐसी व्यवस्था

उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि जब तक केंद्र सरकार से संबंधित मद की राशि प्राप्त नहीं होती, तब तक नियमों के तहत किसी अन्य मद से पेंशनधारियों को भुगतान कराया जाए। बाद में राशि मिलने पर उसका समायोजन किया जा सकता है। अकबर ने कहा, पहले भी इस तरह की व्यवस्था की जा चुकी है।

### संवैधानिक अधिकारों का दिया हवाला

उन्होंने अपने पत्र में संविधान के अनुच्छेद-154 का उल्लेख करते हुए कहा, राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होती है। उन्होंने राज्यपाल से अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

# समृद्ध, संगठित और शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

संगठित, शिक्षित और जागरूक समाज ही मजबूत राष्ट्र निर्माण की वास्तविक शक्ति होता है। समाज जितना सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही प्रगतिशील, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज धमतरी जिले के ग्राम छाती स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित चन्द्रनाहू (चंद्राकर) कुर्मी-क्षत्रिय समाज के 55वें केंद्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस गौरवशाली समाज के केंद्रीय अधिवेशन में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी-क्षत्रिय समाज समृद्ध परंपराओं, सामाजिक चेतना, संगठन क्षमता और उत्कृष्ट मूल्यों का वाहक है। यह वही समाज है जिसने देश को छत्रपति शिवाजी महाराज और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महान व्यक्तित्व दिए हैं, जिनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

मुख्यमंत्री ने समाज के उद्यमियों और व्यवसायियों से राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति का अध्ययन करने और निवेश के अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्योग और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। नई औद्योगिक नीति में युवाओं, उद्यमियों और निवेशकों के लिए अनेक प्रोत्साहन प्रावधान किए गए हैं। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### पुस्तक का विमोचन भी

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक धरोहर पर आधारित पुस्तक 'अद्भुत श्री तुलसी चरितायणम' का विमोचन भी किया। इस दौरान प्रशासनिक सेवाओं, विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों तथा अन्य क्षेत्रों में चयनित और कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ शैक्षणिक एवं खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर ने समाज का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि केंद्रीय अधिवेशन का यह 55वां वर्ष समाज की संगठनात्मक शक्ति, सामाजिक जागरूकता और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक अजय चंद्राकर, विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, लालबहादुर चंद्रवंशी, पूनम चंद्राकर, समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# मछुआरा समाज के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**राष्ट्रीय मछुआरा संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार मछुआरा समाज के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आधार बनाकर प्रदेश में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय रविवार को राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय मछुआरा संघ के विधानसभा पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह एवं समाजिक प्रगति चिंतन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। उन्होंने मछुआरा कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्व. भरतलाल मटियारा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका योगदान समाज सदैव याद रखेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने भी विजन डॉक्यूमेंट-2047 तैयार किया है।

### जागरूक और संगठित होने का आव्हान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि मछुआरा समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है और प्रदेश में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मत्स्य पालकों के हितों की रक्षा और उनके आर्थिक विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने समाज के लोगों से नशामुक्ति का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और संगठित होना होगा। उन्होंने आगामी जनगणना में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय मछुआरा संघ की अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर, महासचिव ओमप्रकाश धीवर, नंद कुमार सिंह धीवर सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल किया जाए

## प्रदेश अध्यक्ष जगनीक के नेतृत्व में दल ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति से रायपुर स्थित राज्य अतिथि गृह पहुना में सौजन्य भेंट कर रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शीघ्र शामिल करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग की अध्यक्ष को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज के अनेक परिवार रावत उपनाम का उपयोग करते हैं, किंतु केंद्रीय ओबीसी सूची में नाम शामिल नहीं होने के कारण समाज के युवाओं एवं विद्यार्थियों को भारत सरकार की नौकरियों तथा विभिन्न केंद्रीय योजनाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे समाज के हजारों प्रतिभाशाली युवक-युवतियां अवसरों से वंचित हो रहे हैं।प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने संबंधी अनुशंसा पहले ही भारत सरकार को भेजी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे समाज में निराशा का वातावरण है। उन्होंने मांग की कि सामाजिक न्याय एवं समान अवसर की भावना को ध्यान में रखते हुए रावत जाति को तत्काल केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल किया जाए।



### मांग पूरी नहीं होने पर जनजागरण अभियान

यादव समाज ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया जाता है तो आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के सभी सांसदों को ज्ञापन सौंपकर इस विषय पर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा तथा समाज लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए आगे की रणनीति तय करेगा यादव समाज की इस महत्वपूर्ण एवं लंबे समय से लंबित मांग के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक है कि प्रदेश के सभी सांसदों को ज्ञापन सौंपकर उनका समर्थन प्राप्त किया जाए। साथ ही समाज का प्रतिनिधिमंडल नियमित रूप से नई दिल्ली में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग तथा संबंधित केंद्रीय मंत्रियों से भेंट कर इस विषय पर ज्ञापन प्रस्तुत करे, ताकि रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने की मांग को केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जा सके। जब तक यह मांग पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक समाज को संगठित एवं लोकतांत्रिक तरीके से निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, प्रदेश सचिव सुंदर लाल यादव, भगवती यादव, लोमश यादव, तीरथ यादव, भानु यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पलारी में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 10 में मंत्री बंजारे के घर से प्रकाश कुर्रे के घर तक सीसी रोड टॉप कार्य और दिलीप बारतामसी के घर से लल्लू राम गेंडरे के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य कुल लगात राशि 9.22 लाख का भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू व वॉर्ड पार्षद भूषण यादव द्वारा किया गया, सीसी रोड बनने से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। इस असवर पर पिंटू वर्मा उपाध्यक्ष, पार्षदगण लेखु वर्मा, सुभाष वर्मा, बंटी वर्मा, नारायण धीवर, मंजू कृष्णा देवांगन, रज्जू खान, मंत्री बंजारे, आनंद यादव, संजय, अश्वनी, इंजीनियर सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### छग छंद गौरव सम्मान से सम्मानित हुए मनीराम



**सिमगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति, छत्तीसगढ़ राजभाषा परिषद, वन विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर हाल तिलकनगर बिलासपुर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में सिमगा अंचल के ख्यातिलब्ध कवि कचलोन निवासी मनीराम मितान को भी 'छत्तीसगढ़ छंद गौरव सम्मान' से नवाजा गया। विदित हो कि मनीराम साहू छत्तीसगढ़ी में 'गजामूंग के गीत' नामक एक किताब लिखी है जिसमें पर्यावरण से संबंधित अनेक दोहा गीत लिखे गये हैं। पर्यावरण जागरूकता पर आधारित उनका शंकर छंद ऊदा-बादी को भी बहुत अधिक सराहा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, अध्यक्षता डा. विनय पाठक, कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज, विशिष्ट अतिथि एस. एस. डी. बड़गैया जी, आई. एफ. एस. पर्यावरण तथा अभिलाषा बेहार सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पर्यावरण एवं जल संरक्षण का दिया संदेश

# संयंत्र ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन ट्रक यार्ड में विश्व पर्यावरण दिवस एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक रावन लॉजिस्टिक्स विभाग के पीएलएच अमिया पात्रा एवं पर्यावरण विभाग के सुनील त्रिपाठी ने उपस्थित ड्राइवरों एवं ट्रांसपोर्ट मैनेजरों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व, प्रदूषण नियंत्रण तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के संबंध में जानकारी प्रदान की एवं ट्रक पार्किंग एरिया में पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संदेश दिया। इस अवसर पर कुल 42 ड्राइवर एवं ट्रांसपोर्ट मैनेजर उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लॉजिस्टिक्स विभाग के प्रकाश कुमार जेना, हेतराम निर्मलकर, विकास राय चौधरी, युगल किशोर शर्मा, अभिषेक बाजपेयी, कृष्णा साहू, विक्रम वर्मा, अगणित ठाकुर, विजय वर्मा एवं भारत भूषण साहू की विशेष सहभागिता रही।




### पौधारोपण कर संरक्षण की दिलाई शपथ

पलारी। पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत गोड़ा में पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्थानों पर अलग अलग किस्म के छायादार और फलदार पौधरोपण किया गया साथ ही उनके संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सरपंच उषा जागेश्वर धीवर ने कहा कि पेड़ पौधे मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है हमे अपने जीवनकाल में प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधे अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने अपील की है कि पौधे के वृक्ष बनने तक उनका बच्चे की तरह देखभाल करना चाहिए। इस दौरान उपसरपंच नोहर वर्मा,सचिव कमलेश साहू, विकाश समिति अध्यक्ष महेश धीवर, पंचगण दुलेश यादव, चंगू नौरंगा, भूखन सेन, संतराम धीवर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



# कसडोल नगर साहू संघ युवा प्रकोष्ठ ने किया पौधारोपण

**कसडोल ।** नगर साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के आह्वान पर कसडोल नगर के गार्डन परिसर में युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नागेश्वर साहू के नेतृत्व में विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन का संदेश देते हुए समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान और जल संकट को देखते हुए पौधरोपण अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी बन चुका है। प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाने के साथ-साथ वर्षा जल संचयन एवं जल के सदुपयोग का संकल्प लेना चाहिए। युवा सक्रिय पार्षद भानु प्रताप साहू ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव भी हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन का संकल्प लिया तथा हरियाली बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम में सुंदर साहू, संजय साहू, नीरज साहू, गोपाल साहू, कमल साहू, मनीष साहू, सूर्या साहू, बंटी साहू, अनुराग साहू, धनंजय साहू, संजय साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कसडोल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पीसीद कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वावधान में पुराना बाजार चौक में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत पिसीद के युवा सरपंच कार्तिक बंजारे ने समारोह की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग, नशापान एवं गलत संगति से दूर रहकर कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। वहीं अतिथि श्यामरतन पटेल ने कहा कि बच्चे सदैव अच्छे मार्ग पर चलकर परिवार, विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन करें। शिक्षक अजय वर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिनका उपस्थित जनों ने प्रशंसा की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिसीद में कक्षा 10वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मोनिका पिता दुलेश्वर पैंकरा, गोदावरी पिता ठंडाराम पटेल एवं दानेश पिता भैयाराम साहू तथा कक्षा 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली ईशा पिता हरिलाल कैवर्त, पेविका पिता राजेश साहू, मधु पिता झब्बूराम यादव एवं चांदनी पिता चिंताराम को प्रमाण-पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं क्रमशः 2001, 1501 तथा 1001 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य विद्यालयों में अध्ययन कर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गांव के विद्यार्थियों जागृति पिता जगदीश पटेल, गौरव पिता रूपेश पटेल, सौरभ पिता रितेश पटेल, स्वाति पिता विनोद कैवर्त, ओंकार पिता भरत पटेल, नीलकमल पिता लोकनाथ पटेल, प्रभात पिता हिमानचंद देवांगन एवं अनन्या पिता शिवकुमार साहू को भी प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन संरक्षक शिवकुमार साहू एवं तेजराम पटेल ने किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष हिमानचंद देवांगन, उपाध्यक्ष विनोद कैवर्त, सचिव कमलदास मानिकपुरी, सहसचिव रूपेश पटेल, कोषाध्यक्ष जीवन कैवर्त, सदस्य भरत पटेल, जगदीश पटेल, रूपनारायण पटेल, उमाशंकर पटेल, चोलाराम पटेल, नागेंद्र पटेल, नरेश पटेल एवं रितेश पटेल सहित समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही हेमदास , अजय, अविनाश, छत्रपाल, विद्यासागर टोंडे, राजाराम, कृपाराम, फूलसिंह, रामनारायण, झाड़ूराम, पूर्णेंद्र, पुष्पेंद्र तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

- प्रतिभा सम्मान समारोह में बांटे गए पुरस्कार

## पेज 9 के शेष

### जिले की मितानिनों ...

राशि जरूरत के समय मितानिन परिवारों को आर्थिक मजबूती प्रदान करती है तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मितानिन कल्याण कोष के माध्यम से दी जा रही यह सहायता न केवल मितानिनों के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान के प्रति शासन की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती है। सरकार की यह पहल सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी शासन का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है।

### रवान सीमेंट में...

सामने आ रही घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों और श्रमिक संगठनों का कहना है कि संयंत्र में सुरक्षा मानकों की स्वतंत्र समीक्षा कराई जानी चाहिए। उनका आरोप है कि यदि समय रहते सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत नहीं किया गया तो भविष्य में और भी गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं।विशेषज्ञों के अनुसार खनन और सीमेंट उद्योग जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में कार्यस्थल सुरक्षा, नियमित निरीक्षण, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का प्रभावी होना अत्यंत आवश्यक है।पीड़ित परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए परिजनों और ग्रामवासियों ने छत्तीसगढ़ सरकार व जिला प्रशासन से उचित मुआवजे और मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों की मांग है कि बच्चों के बेहतर पालन-पोषण और शिक्षा के लिए शासन उचित व्यवस्था करे। परिवार के किसी एक सदस्य को योग्यता अनुसार रोजगार दिया जाए। पीड़ित परिवार को तत्काल उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सके।

### ट्रक की ठोकर...

से अलग हो चुके हैं। भूषण ही मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। उसकी असमय मौत के बाद पत्नी और बच्चे पूरी तरह से बेसहारा हो गए हैं। ग्रामीणों ने ईश्वर से पीड़ित परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### खिलाड़ियों ने खेल...

स्वास्थ्य लाभ हेतु सुबह एवं शाम भ्रमण के लिए मैदान का उपयोग करते हैं। पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के अभाव में खिलाड़ियों एवं नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और लाईट के अभाव में खिलाड़ियों को अभ्यास बंद करना पड़ता है। इसके अलावा असामाजिक गतिविधियों की भी शिकायतें सामने आती रही हैं।

उक्त मांग पर विधायक संदीप साहू ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए खिलाड़ियों एवं नागरिकों की मांग को उचित बताया तथा शीघ्र ही दो हाई मास्ट लाइट की स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। इस पर भावेश यादव ने विधायक श्री साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हाई मास्ट लाइट की स्थापना से खिलाड़ियों को रात्रिकालीन अभ्यास की बेहतर सुविधा मिलेगी, मैदान अधिक सुरक्षित बनेगा तथा खेल गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

क्षेत्र के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने भी विधायक द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन का स्वागत करते हुए शीघ्र स्वीकृति की अपेक्षा व्यक्त की है। उक्त मांग को लेकर मेहुल साहू, जीतू साहू, राजा पटेल, सोम यादव, योगेश साहू, पीयूष, साहिल यादव, आकाश सहित खिलाड़ी भी उपस्थित रहे।

### फिर उठी भाटापारा ...

विष्णुदेव साय से तारीख लेकर विधानसभा अध्यक्ष की अगुवाई में जिला निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की एक मुलाकात की जाएगी और मुख्यमंत्री को अब तक के संघर्ष और जन भावना से अवगत कराया जाएगा। संघर्ष समिति के सदस्यों को मिठाई खिलाकर डॉ. रमन सिंह ने विदा किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात करने वालों में विधायक इन्द्र साव, पूर्व विधायक नरेन्द्र शर्मा ,पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती, वरिष्ठ अधिवक्ता -जी डी मानिकपुरी, सुकृत साहू,राजकुमार मल,अजय साहू अमृतांशु,सचिन शर्मा,आशुतोष मिश्रा इत्यादि प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।


### पुनर्वास राशि के...

शासन की पुनर्वास नीति में प्रभावित किसानों के अधिकार स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं। यदि किसानों को निर्धारित लाभ नहीं मिला है तो प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर तत्काल अंतर राशि का भुगतान सुनिश्चित कराना चाहिए। खपराडीह क्षेत्र के किसानों की जमीन औद्योगिक विकास के लिए अपनी उपजाऊ भूमि दी थी। ऐसे में पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाले लाभों से उन्हें वंचित रखना न्यायसंगत नहीं है। किसानों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान निकालने की मांग किसानों ने की है। उक्त संबंध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि खपराडीह के किसानों द्वारा आवेदन मिला है।

## किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें सरकार

**पलारी।** नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने किसानों को खाद-बीज की हो रही कमी तथा पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि खेती-किसानी का समय शुरू हो चुका है, लेकिन किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

श्री साहू ने कहा कि एक ओर किसान खेती की तैयारी में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर खाद-बीज की कमी और आवश्यक कृषि सामग्री की बढ़ती कीमतें उनकी चिंता बढ़ा रही हैं। पेट्रोल एवं डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों का सीधा असर कृषि कार्यों, परिवहन एवं आम जनता के दैनिक जीवन पर पड़ रहा है, जिससे महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है।



उन्होंने सरकार से मांग की है कि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए तथा पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाकर आम जनता को राहत प्रदान की जाए।

श्री साहू ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसानों की समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो इसका प्रतिकूल प्रभाव कृषि उत्पादन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा) एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 6वीं कक्षा में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 5 जुलाई को

**बलौदाबाजार** | मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित-2021) अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 5 जुलाई रविवार को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में भाग लेने हेतु इच्छुक विद्यार्थी प्राचार्य, प्रधान पाठक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर कार्यालयीन समय पर 20 जून तक आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।

### उरला में नया पुलिस सहायता केंद्र लोकार्पित

**रायपुर**। पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आमजनों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिसिंग व्यवस्था को जनसुलभ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में डीसीपी नार्थ जोन के उरला थाना क्षेत्र की एएचपी कॉलोनी में रविवार को नवीन पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया। नवीन पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन डीसीपी मयंक गुर्जर ने विधिवत फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया। उद्घाटन समारोह में डीसीपी मयंक गुर्जर, एडीसीपी आकाश मरकाम, एसीपी पूर्णिमा लामा, टीआई सहित कई जनप्रतिनिधि, स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

### महिला के कब्जे से 105 पौवा शराब जब्त

**रायपुर**। डीडीनगर थाना क्षेत्र में पुलिस, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के साथ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक महिला के कब्जे से 105 पौवी शराब जब्त की है। पुलिस ने सरोना निवासी नेहा कंडरा के कब्जे से शराब जब्त की है। नेहा शक्तिघाट के पास एक पेड़ नीचे लोगों को शराब बेचते पकड़ी गई।

### गांजा के साथ उत्तरप्रदेश का युवक गिरफ्तार

**रायपुर**। गंज थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तरप्रदेश के एक युवक के कब्जे से छह किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में उत्तरप्रदेश, हमीरपुर निवासी रामदास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से गांजा एक्सप्रेस-वे चूनाभट्ठी के पास से जब्त किया है। रामदास गांजा ओडिशा से लाकर रायपुर में खपाने की फिराक में था।

### लूट के आरोप में नाबालिग समेत हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**रायपुर**। अभनपुर पुलिस ने चाकू की नोक पर मारपीट कर युवक से लूटपाट करने के आरोप में एक नाबालिग तथा एक फरार हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आकाश तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने नवा रायपुर, राखी निवासी धर्मेंद्र टंडन उर्फ लल्ला उर्फ हटेला तथा उसके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। आकाश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 जून को वह देर रात राजिम से लौट रहा था। अभनपुर यात्री प्रतीक्षालय के पास बाइक रोककर पानी पी रहा था। इस दौरान दोनों बदमाशों ने आकाश से माचिस के साथ गांजा देने मांग की। आकाश ने गांजा नहीं होने की बात कही तो बदमाश उसे चाकू की नोक पर एक खेत के अंदर जबरन अपने साथ ले गए और उसके साथ मारपीट कर सोने की दो नग अंगूठी, सोने की चेन लूटकर मौके से फरार हो गए थे।

### ग्रीन आर्मी एवं जेसीआई सुपर चैप्टर का आयोजन

रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी एवं जेसीआई सुपर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन हॉल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ। पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं वृक्षारोपण को समर्पित इस आयोजन में 200 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य, उद्यमी एवं समाजसेवी राजेश अग्रवाल तथा पूर्व महापौर प्रमोद दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री अग्रवाल, ग्रीन आर्मी के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने उपस्थितजनों को संबोधित किया।

## 300 से अधिक हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ वितरित

# सुशासन तिहार से सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

सुशासन तिहार अंतर्गत सोमवार को जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विकासखंड के ग्राम पंचायत गुडेलिया एवं ग्राम पंचायत दावनबोड शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लगभग 305 हितग्राहियों को विभिन्न योजनओं के तहत सामग्री, चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। गुडेलिया शिविर में ग्राम गुडेलिया, टेहका एवं बोडतरा में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र मोपका में नवीन भवन के लिये प्रास्तव तैयार करने के निर्देश दिये स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि सुशासन तिहार में लगभग डेढ़ माह से मुख्यमंत्री स्वयं जिलों का दौरा कर लोगों के बीच पहुंच रहे है और उनका हाल -चाल जानने के साथ योजनाओं की पहुंच और समस्या की सुध ले रहे है। सुशासन तिहार में सीधे हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। लोगों के कोई काम जो किसी कारणवश नहीं हो पा रहे वह शिविर में पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार भरी गर्मी में हो रही है लेकिन फिर भी लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। यह गांव के दोपहरी में लगने वाले चौपाल का एहसास कराता है। आप लोगों की समस्या और बात को सुनने शासन और प्रशासन दोनों मौजूद है। एक छत के नीचे पूरे विभाग के अमले उपस्थित है। इस शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार में सबकी बात सुनी जा रही है। सुशासन तिहार लोगों को शासन -प्रशासन तक़ अपनी बात पहुंचाने का माध्यम है। यहां स्टॉल में सभी विभाग के अधिकारी बैठे है, उनके पास जाकर योजनाओं की जानकारी ले और उसका फायदा उठायें।

दोनों शिविर में सहकारिता विभाग द्वारा केसीसी ऋण का चेक,सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10 एवं 12 वीं के छात्रों को सम्मानपत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्रवण यन्त्र, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, पीएम आवास की चाबी नैनो यूरिया, राशन कार्ड, लखपति दीदी एवं हम होंगे कामयाब के युवाओं को प्रशस्ति पत्र,फलदार पौधे सहित अन्य समग्री लगभग 305 हितग्राहियों को वितरित किया गया।

ग्राम पंचायत गुडेलिया में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने तालाब की मेड पर गुलमोहर का पौधा लगाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने करंज एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आम के पौधे लगाए।

इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक ओ.पी.शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, ग्राम पंचायत गुडेलिया के सरपंच संकेत अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### पंचायतों में 5 लाख से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति के निर्देश

जिले के प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में राजस्व प्रकरणों का बहुत अच्छा निराकरण हुआ है। मात्र 1 प्रतिशत आवेदन ही लंबित है। इसीतरह डिजिटल किसान किताब वितरण में भी अव्वल है। लगभग 7.50 लाख डिजिटल किसान किताब का वितरण किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में भी टॉप पर है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिये खाद एवं बीज का सहकारी समितियो में पर्याप्त भण्डारण किया जा रहा है जहाँ आवश्यकता अनुसार उपलब्ध हो रहा है। इसके साथ ही वैकल्पिक रूप से नैनो यूरिया, एसएसपी, पोटाश का भी उपयोग करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत छूटे हुए हितग्राहियों के लिये सर्वे हो गया है। इसीतरह महतारी वंदन योजना के छूटे हुए हितग्राहियों के लिये पोर्टल जल्द खुलेगा।उन्होंने पंचायतों में आवश्यकता अनुसार 5 लाख से अधिक के कार्य स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियो को निर्देशित किया।



# सुशासन तिहार पर बगबुड़ा में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**बगबुड़ा**। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित सुशासन तिहार शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन पर शिविर प्रभारी व नोडल अधिकारी प्रकाश चंद कोरी, सहायक नोडल अधिकारी व सीईओ फकीर चरण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल और जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी विभागों की सराहना करते हुए इसे टीमवर्क और समर्पण का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। साथ ही, हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई गई। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं, जिन्हें संबंधित विभागों ने पूरी तत्परता से सुना और सुलझाया।



# मोहरा-मोहरेंगा सड़क का अधूरा निर्माण बनी मुसीबत ग्रामीणों में बढ़ी चिंता



हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी रावन

मोहरा से मोहरेंगा को जोड़ने वाली लगभग 15 किमी लंबी सड़क वर्षों से बदहाली का दंश झेल रही थी। सड़क पर जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढों और खराब मार्ग के कारण कई दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें लोगों की जान तक चली गई। लंबे इंतजार के बाद इस वर्ष सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी थी कि अब उन्हें सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, लेकिन अधूरा निर्माण कार्य लोगों के लिए नई परेशानी का कारण बनता नजर आ रहा है। वर्तमान में सड़क पर गिट्टी बिछाकर छोड़ दी गई है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों से उड़ने वाली गिट्टियां दुर्घटना का खतरा बढ़ा रही हैं।

### बरसात से पहले सड़क निर्माण पूरा करने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वाहन चालक संतुलन खो बैठते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा सड़क किनारे निर्माणाधीन पुल-पुलियाओं का कार्य भी अभी अधूरा है। बरसात का मौसम नजदीक होने के कारण लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो बारिश के दौरान जलभराव और आवागमन बाधित होने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। स्थानीय नागरिकों ने निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क एवं पुल-पुलियाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि वर्षों बाद मिली सड़क की सौगात लोगों के लिए राहत साबित हो सके, न कि नई मुसीबत। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क निर्माण कार्य की गति बढ़ाकर गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा किया जाना चाहिए, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

# किसानों की मदद के लिए कार्यकर्ता सजग व तत्पर रहे : इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

प्रदेश कांग्रेस के निर्देश और जिला कांग्रेस के मार्गदर्शन में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के करहीबाजार मंडल की मासिक बैठक हुई। इसमें जोन, सेक्टर एवं बूथ लेबल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में विधायक इन्द्र साव विशेष रूप से उपस्थित थे।

- विकास कार्यों का प्रस्ताव दे कार्यकर्ता

विधायक साव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि खेती किसानी के दिन आ गए हैं और हमारे अन्नदाता किसानों को कृषि कार्य से सम्बंधित जो भी समस्या आती है, उक्त समस्याओं के निराकरण के लिए हमारे कार्यकर्ता सजग व तत्पर रहे। किसानों से सतत सम्पर्क कर उसका समाधान करने का प्रयास करें। क्षेत्र के किसान पर्याप्त मात्रा में खाद न मिलने से परेशान है और राज्य की भाजपा सरकार के प्रति आक्रोषित है। विधायक ने लोगों को आगाह की कि आने वाले समय में बीज, बिजली कटौती और पानी की समस्या आने वाली है।

साव ने कहा कि उन्होंने अपनी विधायक निधि से सभी गांव में विकास कार्य हेतु राशि स्वीकृत कर अनुशंसा की है और मंडल की बैठक में, पार्टी संगठन की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के साथ साथ कार्यकर्ताओं के माध्यम से विकास कार्य के प्रस्ताव भी लेकर उन प्रस्ताव को स्वीकृति देकर विकास कार्य संपादित कराए जाएंगे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए अपने अपने विचार और सुझाव रखे। बैठक में मुख्य रूप से करहीबाजार मंडल अध्यक्ष कोमल साहू, दिनेश तिवारी, नेतराम देवांगन, सुखदेव वर्मा, नाथूराम वर्मा, लुकेश यदु, बसंत देवांगन, नागराज देवांगन, सतीश साहू, हिमांचल यदु, मुकेश साहू, अशोक यदु, रमेशयदु, कालीचरण ध्रुव, मनोज यदु, अशोक पटेल, कुलेश्वर यदु, राकेश कुमार, छबिलाल बया, केशव ध्रुव, डाकेश्वर सेन, छबिलाल वर्मा, रामकुमार पटेल, जोइधा पटेल, भरत ध्रुव, युवराज साहू, राजकुमार निषाद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पीएम मोदी के 12 साल के कार्यकाल पर भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के विचार व कार्यों को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। कार्यक्रम के प्रभारी शिव कटरिया जिला मंत्री भाजपा द्वारा भाजपा सरकार की कार्य करने की नीति और विपक्ष की सरकार जब रही, उसके कार्य करने की रीति नीति को तुलनात्मक तरीके से कार्यकर्ताओं को बताया गया। साथ ही सनातन धर्म के प्रति सरलता और सहज कार्यों से देश को अग्रणी दिशा की ओर ले जाने वाले नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। पश्चिम बंगाल की चुनाव को कैसे जीते और बंगाल में आज आमजन मानस के बीच कैसी प्रेम की स्थितियां पैदा होनी चालू हो गई है। बैठक समाप्ति के पूर्व रेवाराम साहू के पिता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहन साहू के दादा वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. महेतरू साहू को श्रद्धांजलि दी। बैठक को सुनीता वर्मा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, रविशंकर वर्मा मंडल अध्यक्ष, डोमन लाल वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, दिनेश साहू जिला सोशल मीडिया प्रभारी ने संबोधित किया। मंच संचालन विष्णु साहू महामंत्री के द्वारा व आभार व्यक्त चेतन वर्मा बूथ अध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# प्रदेश सरकार का सुशासन तिहार जनता से छलावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी रावन

जिला कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. अयाज अहमद फ़ारूक़ी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सुशासन के नाम पर सिर्फ़ जनता से छलावा कर किसानों के ज़ख्मों में नमक छिड़कने का काम कर रही है। विश्व बैंक से हज़ारों करोड़ रुपये कर्ज में डूबी भाजपा सरकार अपने आप को महिमा मंडित कराने गांव-गांव में सुशासन तिहार के नाम पर विकास के नाम पर ढोल पिट रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के टैक्स के पैसे का सरकारी कर्मचारियों के माध्यम से दुरुपयोग कर रही है। एक तरफ़ जनता को महंगाई के नाम पर महंगे पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर राशन ख़रीदना पड़ रहा है। दूसरी तरफ किसानों को खेती के लिए खाद और बीज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है और मजबूरी में बाज़ार से महंगे दाम में ख़रीदना पड़ रहा है। वहीं बार-बार अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान हो रहे हैं। ऊपर से बिजली बिल में बेतहाशा बढ़ोतरी से लोगों की हालत ख़राब हो रही है। सुशासन तिहार के नाम पर सरकारी पैसे का दुरुपयोग करने वाली भाजपा सरकार ग़रीब बच्चों के लिए भूपेश सरकार में खुले स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के लिए बजट का रोना रो रही है, जिससे स्कूलों की व्यवस्था ख़राब हो रही है। सरकारी स्कूलों की स्थिति भी बहुत चिंताजनक हो गई है। दूसरी तरफ सरकार शराब दुकानों में लगातार बढ़ोतरी कर रही है, जिससे प्रदेश को शराब और विभिन्न नशा में डुबाया जा सके। आज ज्य में नशे की हालत में दुर्घटना हो रही है। साथ ही असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

## आमसभा में समाज की एकता और विकास पर हुआ मंथन

# सूत सारथी समाज के पदाधिकारियों ने ली पद की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

शिवरीनारायण स्थित सत्संग भवन में सूत सारथी समाज द्वारा शपथ ग्रहण समारोह एवं आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई तथा समाज हित, संगठन विस्तार और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठजनों के सम्मान एवं स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष शिव सारथी, महासचिव पवन बघेल, कोषाध्यक्ष अनिल सारथी सहित कुल 10 पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों का निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज की एकता और अखंडता बनाए रखने, शिक्षा को बढ़ावा देने, युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

आमसभा में समाज के विकास, संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, शिक्षा के प्रसार तथा युवाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब सभी सदस्य आपसी सहयोग, भाईचारे और एकजुटता के साथ कार्य करें। उन्होंने समाज के लोगों से संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया बैठक में समाज के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी सामने आए। समाजजनों ने संगठन को नई दिशा देने और आने वाली पीढ़ी को संस्कार एवं सामाजिक मूल्यों से जोड़ने की आवश्यकता बताई इस अवसर पर प्रमुख रूप से आर.आर. राज भानू, अनिल टाह, संतोष गुप्ता, राहुल थवाईत, ओमप्रकाश साहू, विमल सारथी, भागवत सारथी, संजू सारथी, रोहन सारथी सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।



# आंगनबाड़ी भवन जर्जर, नया भवन स्वीकृति की मांग




**गोपालपुर**। महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी भटगांव के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र गोपालपुर के भवन पुरी तरह से जर्जर हो चुकी है। छत से पानी टपक रही है, अंदर के पलस्तर गीर रहा है, दिवाल एवं बाउंड्री बाल जगह-जगह क्रेक हो चुका है। उक्त भवन स्कूल लगाकर बच्चों को बिठाने लायक नहीं है। आए दिन कभी भी कुछ भी घटना घटित हो सकता है । लीलावती साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने ग्राम पंचायत गोपालपुर को इस बात को अवगत कराया तो वहां स्कूल नहीं लगाने एवं अन्त्र स्थान में संचालित करने के लिए ग्राम सभा मे प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त भवन जर्जर के संबंध में ग्राम सुराज तिहार मे नया भवन स्वीकृत करने की मांग की गई। लेकिन आज पर्यन्त तक भवन निर्माण करने की स्वीकृति नहीं मिली है। अतः आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने नया भवन के स्वीकृत करने की मांग शासन प्रशासन से की है।